रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
23 फरवरी 2025, बरेली

PAGE NO 7 : MIDDLE

# एसआरएमएस और एसजी कैंट मेरठ ने जीते मैच

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन शनिवार को ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी के बीच और ग्रुप डी में एसजी कैंट मेरठ और ठेकेदार इलेवन बरेली के बीच मैच खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी को 66 रन से पराजित किया। एसजी कैंट मेरठ ने 7 विकेट से ठेकेदार इलेवन बरेली को हराया। हाईटिक हॉस्पिटल वाराणसी के तीन खिलाड़ियों को आउट करने वाले एसआरएमएस एकेडमी के गोल्डी मलिक को और चार विकेट लेने वाले एसजी कैंट के प्रथम सलूजा को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान मैच देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी थी।